रिपोर्ट – कार्यशाला

दिनांक 12.01.2020 को स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी के अध्यक्षता में किया गया।

नोडल अधिकारी डॉ. ऋचा ठाकुर ने योजना की सविस्तार जानकारी दी। उन्होनें एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के गठन की प्रक्रिया तथा गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जोड़ीदार राज्य गुजरात की परम्परा, संस्कृति पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। जिसमें वहाँ के त्यौहार, पर्यटन स्थल एवं आहार पर रोचक जानकारी दी गई।

गुजराती भाषा तथा वहाँ के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशिक्षण कक्षाओं के विषय में रूपरेखा तय की गयी।

- दिनांक 13.01.2020 कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखें। प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी की कर्मभूमि से जुड़े राज्य गुजरात के साथ हमारा साझा कार्यक्रम विद्यार्थियों को लाभकारी रहेगा और वे भारतीय संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। गुजरात की भाषा, बोली, नृत्य, संगीत और चित्रकारी की विधाओं पर आयोजित कार्यक्रम प्रेरणादायक है। इस अवसर पर क्लब के सदस्य डॉ. के.एल. राठी, डॉ. योगेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने भी अपने विचार रखें। विद्यार्थियों को एक भारत श्रेष्ठ भारत की शपथ दिलाई गई।